Seat No. : ______________

# TB-136-H

**B.Com. Sem-IV**
**April-2013**

## C.E.203 (A) Advanced Acc. & Auditing

## (Cost Accounting – II)

**Time : 3 Hours]** **[Max. Marks : 70**

**(Hindi Version)**

**सूचना :** दायीं ओर के अंक प्रश्न के गुण दर्शाते हैं ।

1. निम्नलिखित जानकारी पर से मै. कौशिक इंजीनियर्स का ता. 31-3-2013 को पूर्ण होते वर्ष का लागत पत्रक तैयार कीजिये और **14**
   (1) प्रत्यक्ष मजदूरी पर कारखाना परोक्ष खर्च का प्रतिशत
   (2) कारखाना लागत पर ऑफिस परोक्ष खर्च का प्रतिशत और
   (3) बिक्री पर लाभ के प्रतिशत की गणना कीजिये ।

| **विवरण** | **1-4-12** ₹ | **31-3-13** ₹ |
|---|---|---|
| कच्चा माल का स्टोक | 1,20,000 | 1,35,000 |
| अर्ध तैयार माल का स्टोक (कारखाना लागत) | 45,000 | 60,000 |
| तैयार माल का स्टोक | 2,40,000 | 1,68,000 |

| **अन्य जानकारी** : | ₹ |
|---|---|
| कच्चा माल सामान की खरीदी | 21,30,000 |
| प्रत्यक्ष मजदूरी | 10,35,000 |
| कारखाना परोक्ष खर्च | 3,45,000 |
| ऑफिस परोक्ष खर्च | 3,48,000 |
| बिक्री परोक्ष खर्च | 2,40,000 |
| वितरण परोक्ष खर्च | 60,000 |
| बिक्री | 52,50,000 |

**अथवा**

मै. एस.बी. इलेक्ट्रीकल्स के एक वस्तु की लागत संबंधी ता. 30-6-2012 को पूर्ण होते वर्ष के आँकड़े निम्नानुसार हैं : **14**

| | ₹ |
|---|---|
| कच्चे माल की खरीदी | 61,500 |
| प्रत्यक्ष मजदूरी | 19,500 |
| कारखाना परोक्ष खर्च | 7,800 |
| प्रशासनिक खर्च | 11,700 |

| | |
|---|---|
| ता. 1-7-11 को स्टोक : | |
| कच्चा माल | 7,500 |
| तैयार माल (1,000 टन) | 7,500 |
| ता. 30-6-12 को स्टोक : | |
| कच्चा माल | 10,500 |
| तैयार माल (2,000 टन) | 15,000 |
| बिक्री (12,000 टन) | 1,23,750 |

बिक्री खर्च प्रति टन ₹ 0.75 था ।

उपर्युक्त जानकारी पर से लागत पत्रक तैयार कीजिये और ता. 30-6-2013 को पूर्ण होते वर्ष के लिए 15,600 टन का उत्पादन करना हो और गत वर्ष के लाभ की दर बनाये रखना हो तो निम्नलिखित जानकारी को ध्यान में रखकर प्रति टन बिक्री कीमत का अनुमान कीजिये :

(1) गत वर्ष की तुलना में माल सामान की कीमत में 5% और मजदूरी की दर में 25% की वृद्धि हुई ।

(2) कारखाने का परोक्ष खर्च माल सामान और मजदूरी के संयुक्त अनुपात में बढ़ेगा ।

(3) प्रशासनिक परोक्ष खर्च में उत्पादन में वृद्धि का प्रभाव नहीं पड़ेगा ।

(4) बिक्री और वितरण खर्च प्रति इकाई समान रहेंगे ।

2. (अ) मै. महेन्द्र एन्ड कम्पनी का ता. 31-3-12 को पूर्ण होते वर्ष का वित्तीय लाभ-हानि खाता निम्नानुसार है : 6

**वित्तीय लाभ-हानि खाता**

| विवरण | ₹ | विवरण | ₹ |
|---|---|---|---|
| माल सामान | 25,000 | बिक्री | 62,000 |
| आवक माल गाड़ी भाड़ा | 500 | शेयर परिवर्तन फीस | 100 |
| प्रत्यक्ष मजदूरी | 17,000 | | |
| कारखाना खर्च | 6,000 | | |
| प्रशासनिक खर्च | 2,250 | | |
| बिक्री - वितरण खर्च | 3,250 | | |
| ऋणपत्र ब्याज | 500 | | |
| शुद्ध लाभ | 7,600 | | |
| | **62,100** | | **62,100** |

लागत खातों में ₹ 8,135 का शुद्ध लाभ है । दोनों खातों की विषयवार तुलना करने पर निम्नलिखित जानकारी प्राप्त हुई :

लागत खातों में :–

– कारखाना परोक्ष खर्च ₹ 5,750

– प्रशासनिक परोक्ष खर्च ₹ 2,295

– बिक्री-वितरण परोक्ष खर्च ₹ 3,320 शामिल हैं ।

लागत और वित्तीय खातों का समाधान पत्रक (Reconciliation Statement) तैयार कीजिये ।

**अथवा**

(अ) निम्नलिखित वित्तीय खातों के अनुसार लाभ-हानि खाता पर से लागत खातों के अनुसार लाभ का समाधान दर्शाता पत्रक तैयार कीजिये । लागत खातों के अनुसार लाभ ₹ 49,100 है :

**ता. 31-3-13 को पूर्ण होते वर्ष का लाभ-हानि खाता**

| विवरण | ₹ | विवरण | ₹ |
|---|---|---|---|
| कार्यालय वेतन | 28,200 | सकल लाभ | 1,36,625 |
| कार्यालय खर्च | 16,275 | डिविडन्ड | 1,000 |
| सेल्समेन का वेतन | 12,300 | ब्याज | 375 |
| बिक्री खर्च | 23,250 | | |
| वितरण खर्च | 7,500 | | |
| यंत्र बिक्री से हानि | 4,875 | | |
| दंड | 500 | | |
| ऋणपत्र पर बट्टा | 250 | | |
| शुद्ध लाभ | 44,850 | | |
| | **1,38,000** | | **1,38,000** |

(ब) एक कम्पनी का लाभ-हानि खाता ₹ 38,000 का लाभ दर्शाता है । निम्नलिखित जानकारी पर से लागत खातों के अनुसार लाभ ज्ञात कीजिये : **4**

| | | ₹ |
|---|---|---|
| (i) | शेयर परिवर्तन फीस | 500 |
| (ii) | ऋणपत्र ब्याज | 2,500 |
| (iii) | प्रशासनिक खर्च की लागत में अधिक वसूली | 325 |
| (iv) | कारखाना खर्च की लागत में कम वसूली | 1,250 |

**अथवा**

(ब) कल्हार लि. के वित्तीय खाते निम्नानुसार विवरण दर्शाते हैं : **4**

| | ₹ |
|---|---|
| कार्यालय खर्च | 78,750 |
| बिक्री खर्च | 38,000 |
| शुद्ध लाभ | 47,650 |

ऐसा मालूम हुआ कि वित्तीय खातों में दर्शाया कार्यालय खर्च लागत खातों की तुलना में 5% अधिक है । जबकि बिक्री खर्च 5% कम है ।

लागत खातों के अनुसार लाभ ज्ञात कीजिये ।

(स) वित्तीय खातों के अनुसार लाभ एवं लागत खातों के अनुसार लाभ में अंतर के कारण बताइये ।

**अथवा**

(स) समझाइये : लागत लेखो में परोक्ष खर्च की कम वसूली और अधिक वसूली **4**

3. (अ) परीन ट्रान्सपोर्ट को यात्री बस चलाने के लिए 60 km. (एक तरफ) लम्बा रूट दिया गया है । उसके पास एक समान चार बसें हैं । प्रत्येक बस की कीमत ₹ 6,00,000 है । उनकी अनुमानित आयुष्य 10 वर्ष है तथा उसके अंत में भंगार कीमत के रूप में अनुमानित कीमत ₹ 50,000 है । निम्नलिखित जानकारी पर से प्रति यात्री किमी. लागत और भाड़ा की आय पर 50% लाभ लेना हो तो यात्री के पास से एक तरफ का किराया कितना लिया जायेगा ? **6**

| | ₹ |
|---|---|
| बीमा प्रीमियम | 2% |
| प्रत्येक बस का वार्षिक कर | 12,000 |
| गेरेज का कुल भाड़ा - मासिक | 6,000 |
| प्रत्येक बस का मरम्मत खर्च - मासिक | 6,000 |
| प्रत्येक बस के ड्राईवर का वेतन - मासिक | 7,500 |
| प्रत्येक बस के कन्डक्टर का वेतन - मासिक | 4,000 |
| डीजल खर्च – 100 k.m. प्रति | 600 |
| प्रशासन खर्च कुल – मासिक | 8,000 |

प्रत्येक बस प्रत्येक बार 50 यात्री ले जाती है । प्रतिदिन दो जाने-आने की ट्रीप होती है और महीने में औसत 25 दिन बसें दौड़ती हैं ।

**अथवा**

(अ) रोनक सिंह 5 टन क्षमता वाले एक ट्रक का मालिक है । निम्नलिखित जानकारी पर से प्रति टन किलोमीटर सेवा लागत ज्ञात कीजिये । **6**

| | | |
|---|---|---|
| ट्रक की लागत | ₹ 5,00,000 | |
| अनुमानित आयुष्य | 10 वर्ष | |
| भंगार कीमत | 10% | |
| डीजल, ओइल आदि | प्रति ट्रीप | ₹ 120 (एक तरफ) |
| | | ₹ |
| मरम्मत एवं निभाव खर्च | मासिक | 2,500 |
| ड्राईवर का वेतन | मासिक | 6,000 |
| क्लीनर का वेतन | मासिक | 4,000 |
| बीमा | मासिक | 1% |
| कर | मासिक | 600 |
| सामान्य खर्च | मासिक | 12,000 |

यह ट्रक एक शहर से दूसरे शहर के बीच 40 किमी के रास्ते में महीने में औसत 25 दिन माल का वहन करता है । जाने के फेरे में पूर्ण क्षमता का नूर मिलता है और वापसी के फेरे में 50% नूर मिलता है । प्रतिदिन की एक ट्रीप होती है ।

(ब) अमीराज ट्रान्सपोर्ट कम्पनी की बस के लिए प्रति यात्री किमी भाड़ा निर्धारित कीजिये : **4**

| किमी | यात्री |
|---|---|
| 1 | 12,500 |
| 2 | 25,000 |
| 3 | 20,000 |
| 4 | 10,000 |
| 5 | 2,500 |

कुल खर्च ₹ 22,750 है और प्रति यात्री किमी पाँच पैसा लाभ की अपेक्षा है ।

**अथवा**

(ब) प्रकाश ट्रान्सपोर्ट के हिसाबों में निम्नलिखित जानकारी मिलती है । इस पर से कुल टन किलोमीटर ज्ञात कीजिये । **4**

| | |
|---|---|
| महीना के कुल किलोमीटर | 2,200 |
| कुल ट्रीपो | 40 |
| कुल ले जाया गया लोड | 320 टन |

(स) सेवा लागत पद्धति का अर्थ बताइये तथा इसके लक्षण लिखिये । **4**

**अथवा**

(स) निम्नलिखित सेवा कम्पनियों में लागत इकाई ज्ञात कीजिये : **4**

(1) यात्री ट्रान्सपोर्ट

(2) होस्पिटल

(3) होटल

(4) थीयेटर

4. (अ) मनमोजी कोन्ट्राक्टर के पास ₹ 15,00,000 का करार है । उसको समयानुसार प्रमाणित काम का 90% रोकड़ मिलती है । इस करार से संबंधित जानकारी निम्नलिखित है : **6**

| | 2010<br>₹ | 2011<br>₹ | 2012<br>₹ |
|---|---|---|---|
| मालसामान | 1,80,000 | 2,20,000 | 1,26,000 |
| मजूरी | 1,70,000 | 2,30,000 | 1,70,000 |
| प्रत्यक्ष खर्च | 7,000 | 25,000 | 9,000 |
| परोक्ष खर्च | 3,000 | 4,000 | – |
| प्रमाणित काम | 3,50,000 | 11,30,000 | 15,00,000 |
| अप्रमाणित काम | – | 20,000 | – |
| यंत्र दिया | 20,000 | – | – |

उपर के प्रत्येक वर्ष के अंत में यंत्र की कीमत क्रमशः ₹ 16,000, ₹ 10,000 और ₹ 4,000 थी ।

उपर्युक्त जानकारी पर से प्रत्येक वर्ष का करार खाता तैयार कीजिये ।

**अथवा**

(अ) सरल लि. ने ता. 1-4-11 को एक करार ₹ 7,00,000 में लिया था । ता. 31-3-12 को निम्नलिखित बाकियाँ थी : **6**

| | ₹ |
|---|---|
| माल स्टोक | 7,000 |
| यंत्र (घिसाई बाद) | 15,000 |
| अदत्त वेतन | 4,000 |
| करार देने वाले का खाता | 1,20,000 |
| अप्रमाणित काम | 18,000 |
| चालू काम (अनामत लाभ) | 10,000 |

2012-13 के वर्ष दौरान की जानकारी निम्नानुसार है :

| | |
|---|---|
| माल भेजा | 90,000 |
| वेतन चुकाया | 34,000 |
| अन्य प्रत्यक्ष खर्च | 4,000 |
| परोक्ष खर्च | 4,000 |
| विशिष्ट यंत्र भेजा (ता. 1-10-12) | 10,000 |
| स्टोर्स में माल वापस | 1,000 |
| कार्य स्थल पर माल की चोरी | 900 |
| नष्ट हुआ विशिष्ट यंत्र (ता. 31-3-13) | 9,500 |

ता. 31-3-13 को बाकियाँ निम्नानुसार थी :

| | |
|---|---|
| माल स्टोक | 3,000 |
| अदत्त वेतन | 2,000 |
| अप्रमाणित काम | 25,000 |
| प्राप्त रोकड़ | 2,00,000 |

प्रति वर्ष कम्पनी को प्रमाणित काम का 80% रोकड़ मिलती है । यंत्र पर घटते शेष पद्धति से 10% घिसाई गिनी जाती है लाभ 2/3 प्राप्त रोकड़ के अनुसार लाभ-हानि खाते ले जाना है । करार खाता तैयार कीजिये ।

(ब) X कम्पनी लि. के जोब नं. : 169 की जानकारी निम्नानुसार है : **4**

माल सामान : ₹ 4,000

वेतन :

विभाग – 1 : 100 घण्टे, दर प्रति घण्टा ₹ 2.00

विभाग – 2 : 80 घण्टे, दर प्रति घण्टा ₹ 3.00

चलित परोक्ष खर्च :

विभाग – 1 : ₹ 6,000 जो 4000 मजदूर घंटों के लिए

विभाग – 2 : ₹ 8,000 जो 6,000 मजदूर घंटों के लिए

स्थिर परोक्ष खर्च :

10,000 घंटो के लिए ₹ 10,000.

बिक्री कीमत ₹ 7,500

जोब नं. 169 की लागत की गणना करके लाभ की दर ज्ञात कीजिये ।

**अथवा**

(ब) उत्पादन कार्य में लगी इकाई के तीन जोब के लिए आँकड़े निम्नानुसार हैं : **4**

| **विवरण** | **जोब-1** ₹ | **जोब-2** ₹ | **जोब-3** ₹ |
|---|---|---|---|
| प्रत्यक्ष माल सामान | 2,100 | 2,800 | 3,500 |
| प्रत्यक्ष मजदूरी | 1,400 | 2,100 | 2,450 |
| प्रत्यक्ष खर्च | 210 | 280 | 350 |

प्राथमिक लागत का 50% कारखाना परोक्ष खर्च तथा कारखाना लागत का 10% कार्यालय परोक्ष खर्च होता है । प्रत्येक जोब की कुल लागत ज्ञात कीजिये ।

(स) जोब लागत के लक्षण बताइये । **4**

**अथवा**

(स) समझाइये : अप्रमाणित काम

5. निम्नलिखित उपप्रश्नों के सही उत्तर दीजिये : **14**

(1) सेवा लागत किसको लागू नहीं पड़ती ?

(a) गुजरात स्टेट ट्रान्सपोर्ट कम्पनी (b) होटल मेरीओट

(c) वाड़ीलाल साराभाई होस्पिटल (d) ओइल एन्ड नेचरल गेस कम्पनी

(2) सेवा लागत के लिए कौन सा खर्च स्थिर खर्च नहीं है ?

(a) कन्डक्टर का वेतन (b) पेट्रोल

(c) म्युनिसिपल कर (d) कार्यालय का भाड़ा

(3) सेवा लागत के लिए कौन सा खर्च चलित नहीं है ?

(a) घिसाई (b) डीजल

(c) मरम्मत और निभाव (d) बीमा प्रीमियम

(4) निम्नलिखित विधान सही है ? हाँ/ना

– सेवा लागत में विविध इकाइयों की लागत निर्धारित करने में अधिकतर माल सामान के खर्च को ध्यान में नहीं लिया जाता है ।

(5) गोल्ड-ज्वेलरी उद्योग में लागत निर्धारित करने में कौन सी पद्धति उपयोग में ली जाती है ?

(a) सेवा लागत (b) प्रक्रिया लागत

(c) इकाई लागत (d) जोब लागत

(6) प्रत्येक जोब की समय मर्यादा __________ होती है ।

(a) वार्षिक (b) मासिक

(c) अर्ध वार्षिक (d) अलग-अलग

(7) निम्नलिखित विधान सही है ? हाँ/ना

– भाववृद्धि कलम के कारण करार देने वाले के हित का रक्षण होता है ।

(8) निम्नलिखित विधान सही है ? हाँ/ना

– करार खाता बनाते समय विशिष्ट यंत्र की कीमत उस करार खाते दर्शायी जाती है ।

(9) कानूनी खर्च लागत पत्रक में किस खर्च के रूप में दर्शाते हैं ?

(a) कारखाना खर्च (b) प्रशासनिक खर्च

(c) प्रत्यक्ष खर्च (d) वितरण खर्च

(10) दान लागतपत्रक में किस खर्च के रूप में दर्शाते हैं ?

(a) कारखाना खर्च (b) प्रशासन खर्च

(c) वितरण खर्च (d) कोई भी नहीं

(11) लागत पत्रक तैयार करते समय विशिष्ट प्लान्ट का भाड़ा किस खर्च में जोड़ा जाता है ?

(a) प्रत्यक्ष खर्च (b) प्रत्यक्ष माल सामान

(c) कारखाना खर्च (d) अन्य प्रत्यक्ष खर्च

(12) कौन सी मद वित्तीय हिसाबों में नहीं लिखी जाती ?

(a) मालिक का काल्पनिक वेतन (b) ब्याज

(c) मालसामान (d) दान

(13) कौन सी मद लागत हिसाबों में ध्यान में नहीं ली जाती ?

(a) माल सामान (b) मजदूरी

(c) ब्याज (d) परोक्ष खर्च

(14) निम्नलिखित विधान सही है ? हाँ/ना

– परोक्ष खर्च की कम वसूलात के कारण लागत हिसाबों में लाभ अधिक आता है ।

---